हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 24 जनवरी 2024

04 'प्रभु श्रीराम देश के आराध्य हैं लेकिन राष्ट्र उसकी...



07 कोई भी पात्र व्यक्ति केंद्र व राज्य सरकार की ...






## खबर संक्षेप

### निःशुल्क सर्वाइकल कैंसर शिविर आज

**सीहोर।** जिला चिकित्सालय स्थित मेटरनिटी विंग पीपीओटी कक्ष में 24 जनवरी को सर्वाइकल निःशुल्क कैंसर व जागरूकता शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। निःशुल्क कैंसर शिविर में मरीजों की जांच व उपचार कैंसर नोडल ऑफिसर डॉ.पुष्पा कन्नोजिया के द्वारा की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि निःशुल्क कैंसर की जांच आ उपचार शिविर में जवाहरलाल नेहरू कैंसर हॉस्पिटल भोपाल के कैंसर विशेषज्ञों द्वारा कैंसर की जांच कर उपचार तथा बचाव के बारे में जानकारी दी जायेगी। सर्वाइकल कैंसर अथवा बच्चेदानी के मुंह का कैंसर भारत में दूसरे स्थान पर है। डॉ. डेहरिया ने बताया कि यह एक ऐसा कैंसर है जिसका शत प्रतिशत उपचार संभव है यदि सही समय पर कैंसर की जांच एवं उपचार किया जाये। कैंसर रोगी ठीक हो सकते है। कैंसर की जांच कर चिन्हित कर उपचार किया जा सकता है।

### जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**सीहोर।** मप्र राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा ऑनलाइन जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता विगत दिवस आयोजित की गई। ऑनलाईन जैव विविधता क्विज प्रतियोगिता का में प्रदेश भर के 52 स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 70 बहुविकल्पीय एवं 30 मल्टी मीडिया सहित कुल 100 प्रश्नों को 90 मिनट की समयावधि में हल किया जाना था। विविधता क्विज प्रतियोगिता में नूतन बाल विद्या मंदिर के अध्यापिका के नेतृत्व में कु. राखी त्यागी, अक्षत कौशल एवं लोक प्रजापति द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया। द्वितीय टीम के सदस्यों को विजेता होने पर जैव विविधता बोर्ड की ओर से 21, हजार की नगद राशि वितरित की।

### संस्कृत सम्मेलन में शामिल होंगे पंडित प्रदीप मिश्रा व राजस्व मंत्री

**सीहोर।** संस्कृत भारती जिला सीहोर मध्यभारत प्रत्येक तीन वर्ष मैं जिला स्तरीय संस्कृत सम्मेलन का आयोजन करता है। इस परिप्रेक्ष्य में संस्कृत भारती जिला सीहोर द्वारा सम्मेलन का आयोजन 24 जनवरी को प्रातः 11 बजे स्थानीय शासकीय चंद्रशेखर आजाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय भोपाल नाका सीहोर में आयोजित करने जा रहा है। जनपद सम्मेलन में सारस्वत अतिथि के रूप में भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा शामिल होंगें। मुख्य अतिथि के रूप में मकरण सिंह वर्मा राजस्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन, अतिथि के रूप में सुदेश राय विधायक व नगर पालिका अध्यक्ष विकास राठौर प्रिंस शामिल होंगे। जबकि पंडित पृथ्वी बल्लभ दुबे जिला अध्यक्ष संस्कृतभारती, नगर पुरोहित गणेश मंदिर जनपद सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे।

### पूर्व दिशा से चल रही हवा और तापमान में गिरावट से फसलें हो रही प्रभावित

# 7.7 डिग्री पर पहुंचा न्यूनतम तापमान फसलों पर जमी ओस, पाले का खतरा



### प्रकाश संश्लेषण की क्रिया सुचारु रूप से न होने के कारण चना फसल में पुष्पन प्रभावित होने की बन रही संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर मौसम अपडेटः7.7 डिग्री पर पहुंचा न्यूनतम तापमान, फसलों पर जमी ओस, कृषि विभाग की किसानों को सलाह सीहोर जिले में बीते 24 घंटे के दौरान मंगलवार को न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूर्व दिशा से चल रही हवाओं और तापमान में गिरावट के कारण अनेक इलाकों में फसलों पर बर्फ जैसी भी जमी देखी गई। उप संचालक कृषि एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक द्वारा बताया गया कि चना फसल वर्तमान समय में पुष्पन, फलन वाली अवस्था पर है। इस अवस्था में मौसम में परिवर्तन जैसे दिन में न्यूनतम तापमान, हल्की बारिश होने के कारण पौधों में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया सुचारु रूप से न होने के कारण चना फसल में पुष्पन प्रभावित होने के साथ-साथ फसल के पुष्प भी पीले पड़कर सूख रहे हैं। जिसके चलते फसल में आर्थिक नुकसान होने की पूरी संभावना है।

बदले हुए मौसम को लेकर उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले की मुख्य फसल गेहूं में भी वर्तमान समय में जड़माहू कीट व कठुआ इल्ली का प्रकोप प्रारम्भिक अवस्था से ही बना हुआ है। जिसके कारण खेतों में खडी हुई फसल पीली पड़ कर सूख रही है। इसके लिए किसानों को सलाह दी गई है कि इमामेक्टिन बेन्जोएट + प्रोफेनोफास 200 ग्राम, एकड या क्लोरोइन्ट्रानिलीप्रोल+लेम्ब्डासाइलोथ्रिन 80 मिली, एकड के साथ फ्लूपायराक्साइड+



पायरोक्लोरोस्ट्रोबिन 150 मिली/एकड या एजोक्सीस्ट्रोबिन + टेबूकोनोजोल 150 मिली/एकड के साथ एनःपीःके 19:19:19, 1 किग्रा/एकड़ से 150 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

# हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में जिला अव्वल

### शिकायतों का किया संतुष्टिपूर्ण निराकरण




**सीहोर।** कलेक्टर के कुशल मार्गदर्शन में जिला प्रथम स्थान पर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों के निराकरण में सीहोर जिला पिछले कई माहों से प्रदेश में लगातार प्रथम स्थान पर आ रहा है। इस बार भी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में सीहोर जिला इस माह भी प्रदेश में नंबर-1 स्थान पर आया है। कलेक्टर प्रवीण सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सभी जिला अधिकारियों द्वारा विगत कई माह से सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा रहा है और हर माह प्रदेश की रैंकिंग में सीहोर जिले को टॉप पर बनाए हुए है।

सीएम हेल्पलाइन की 23 जनवरी को जारी रैंकिंग के अनुसार सीहोर जिले में माह अगस्त में सीएम हेल्पलाइन की कुल 4955 शिकायतों निराकरण का 78.99 वैटेज स्कोर के साथ निराकरण किया गया। सीहोर जिले में सीएम हेल्पलाइन की 46.81 प्रतिशत शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया। जबकि उज्जैन दूसरे स्थान पर तथा जबलपुर तीसरे स्थान पर रहा।

कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण के लिए लगातार अधिकारियों को मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। वे प्रतिदिन नियमित रूप से सभी विभागों की सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करने के साथ ही अधिकारियों को हितग्राहियों से त्वरित संवाद स्थापित कर शिकायत का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के लिए प्रेरित करते है।

इसके साथ ही प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाली समय सीमा बैठक में भी सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा करते है। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला पंचायत सीईओ तथा अपर कलेक्टर सहित सभी विभागों के जिला अधिकारियों को लगातार सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बधाई देते हुए आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रशासन में शुचिता, पारदर्शिता तथा सुशासन लाने का बेहतर माध्यम होने के साथ ही आमजन की समस्याओं के निराकरण का अच्छा माध्यम है।

उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास होना चाहिए कि लोगो की शिकायतों और समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कर उन्हें राहत दी जाए। शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण से आमजन का प्रशासन पर भरोसा भी बढ़ता है। कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा प्रतिदिन सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा के साथ ही हर टीएल बैठक में विभागवार, जनपदवार तथा तहसीलवार विस्तार से सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की जाती है। समीक्षा के दौरान अधिकारियों द्वारा निराकरण में आने वाली कठिनाइयों का कलेक्टर श्री सिंह द्वारा त्वरित समाधान किया जाता है। जिसके सार्थक परिणाम के रूप में सीहोर जिला विगत कई महीनों से प्रदेश में प्रथम स्थान पर आ रहा है।

# पराक्रम दिवस पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मंगलवार को शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित वृद्धाश्रम में श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के तत्वाधान में पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद समिति की अध्यक्ष निशा सिंह ने कहा कि देश की आन, बान और शान रहे सुभाष चंद्र बोस ने अपना जीवन राष्ट्र की स्वतंत्रा के लिए समर्पित कर दिया। वे निरंतर राष्ट्र चेतना का प्रचार प्रसार करते रहे। उन्होंने भारतीयों में अपने देश के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराया। बोस के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके जीवन आदर्शों को आत्मसार करने का प्रयास करें। इस मौके पर कार्यक्रम में सबसे पहले केन्द्र के प्रभारी नटवर कुशवाहा, मनोज दीक्षित मामा, विकास अग्रवाल, कमलेश राय ने नेताजी की प्रतिमा के सामने माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री कुशवाहा ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे नेता का देश के लिए अमूल्य योगदान रहा है। जिसकी बदौलत भारत देश को आजादी के लिए घर-घर जाकर आजाद हिंद फौज का गठन किया और आजादी की नींव रखी। नेताजी ने नारा दिया था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा इसके तहत भारतवर्ष में लोगों ने भारत को आजाद कराने में अहम योगदान रहा। उनके बताए हुए मार्गों पर चलकर युवाओं को देश के लिए अहम योगदान देने में भूमिका निभाए। स्वीकार किया जाना चाहिए कि चरित्र निर्माण और मनुष्यता के विकास के लिए राजनीति में हिस्सेदारी जरूरी है।

# युवा उत्सव में प्रतिभागियों ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




सीहोर में पहली बार युवा उत्सव 2023-24 की 21 में से 11 विधाओं में पुरस्कार प्राप्त कर इतिहास रच दिया। युवा उत्सव समन्वयक डॉ कलिका डोलस के निर्देशन में सात विधाओं में प्रथम पुरस्कार विद्यार्थियों ने जीते हैं। डॉ डोलस के नेतृत्व में विगत वर्ष भी अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तर पर जिले ने 6 पुरस्कार प्राप्त किए थे जो बढ़कर इस वर्ष 11 हो गए हैं। डॉ डोलस ने बच्चों की मेहनत एवं गुरुजनों का आशीर्वाद एवं निर्देशन को विजय का श्रेय दिया है। प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थी ग्वालियर में आयोजित होने वाले राज्य स्तर की युवा उत्सव में बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# जिपं सीईओ ने ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी ने भैरूंदा जनपद के ग्राम पंचायत सेवनिया, भिलाईएवं सीहोर जनपद के ग्राम बरखेडी सहित अनेक ग्रामों में चल रहे निर्माण और विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ तिवारी ने गांव की अन्य समस्याओं के बारे में चर्चा की। सीईओ तिवारी ने ग्राम पंचायत, बाउंड्री वाल, तालाब, पुलिया एवं अन्य निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायतों में चल रहें सभी निर्माण एवं विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि समय समय पर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच की जाए।

# नवदुर्गा उत्सव समिति ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वर्तमान समय में लोग संपत्ति बनाने में लगे हुए हैं। अपनी सुख शांति का आधार धन को मानता है और वहीं रामकथा बताती है कि सुख शांति का आधार प्रेम त्याग एवं भाईचारा है। चारों भाइयों का प्रेम, एकता और त्याग अतुलनीय है। भगवान राम को वनवास होने पर राज पाठ भरत को सौंप दिया गया, लेकिन भरत ने बड़े भाई के रहते सिंहासन पर बैठना स्वीकार नहीं किया। वह सिंहासन पर भगवान राम के चरण पादुका को रखकर नित्य प्रतिदिन पूजा करते थे। उक्त विचार शहर के कोतवाली चौराहे पर श्री नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में तीन दिवसीस श्रीराम कथा के विश्राम दिवस पर पंडित रमेश मुदगल ने कहे। विश्राम दिवस पर श्री नवदुर्गा उत्सव समिति के द्वारा क्षेत्रवासियों का सम्मान किया गया।

इस मौके पर विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला, मनोज दीक्षित मामा, सीएसपी निरंजन राजपूत, कोतवाली टीई विकास खिची, मंडी थाना प्रभारी गिरीश दुबे, कमला बाई सोनी, मनोज आर्य सहित एक दर्जन से अधिक लोगों का सम्मान किया गया। इस मौके पर पंडित श्री शुक्ला ने कहा कि समिति द्वारा जो भगवान श्रीराम के विराजमान होने पर भगवान श्रीराम की चर्चा की जा रही है। उसके लिए समिति को भव्य कार्यक्रम की बधाई देता हूं। विश्राम दिवस के अवसर पर पंडित श्री मुदगल ने कहा कि जैसे भगवान राम ने सभी सुख सुविधा को त्याग कर 14 वर्ष वन में बिताया उसी तरह भारत ने भी राज्य के ठाठ बाठ को छोड़कर, सभी सुख सुविधा को त्याग कर वनवासी की तरह जीवन बिताते रहा।

जिस घर में नारी नहीं पूजी जाती है वहा देवता भी निवास नहीं करते हैं आगे कहा कि जिस घर में नारी नहीं पूजी जाती है वहा देवता भी निवास नहीं करते हैं। जिसके पास कुछ है वह गर्व करे तो यह सराहनीय तो नहीं, लेकिन क्षम्य तो है। जिस घर में सब लोग खुश रहते और संस्कारी होते हैं समझो वहां श्री है। किसी को कष्ट नहीं देना चाहिए। उनके मुख से जो भी शब्द निकल जाए उसको प्रसाद के रूप में ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामकथा आंसुओं, त्याग, समर्पण और प्रेम की कथा है।

### छात्रों को सप्लीमेंट्री कॉपी नहीं दी जाएगी, परीक्षा में 32 पेज की होगी उत्तर-पुस्तिका

# प्रवेश पत्र : क्यूआर कोड से मिलेगी विद्यार्थी की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूलऔर हायर सेकंडरी स्कूल परीक्षा का काउंटडाउन शुरु हो गया है। स्कूल शिक्षा विभाग भी एग्जाम मोड पर आ चुका है। इस बार फर्जी परीक्षार्थियों को रोकने केलिए प्रवेश पत्र के पीछे क्यूआर कोड दिया जा रहा है, इस कोड को स्कैन करते ही परीक्षार्थी की पूरी कुंडली सामने आएगी। वहीं इस बार परीक्षा के दौरान छात्रों को सप्लीमेंट्री कॉपी नहीं दी जाएगी। परीक्षा में 32 पेज की उत्तर-पुस्तिका होगी। इसके साथ ही माशिमं ने परीक्षा केंद्र पर लोहे की पेटी रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि विद्यार्थी नकल सहित अन्य सामग्री इस लोहे की पेटी में डाल सकें।

बता दें कि इस साल जिले में कुल 101 परीक्षा केंद्र पर 31 हजार छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। एमपी बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की एग्जाम में फर्जी परीक्षा की रोकने के लिए नया प्रयोग करने जा रहा है। पहली बार परीक्षा के एडमिट कार्ड के पीछे क्यूआर कोड लगाए जाएंगे। इन



कोड को स्कैन करने पर परीक्षार्थी का फोटो, आधारकार्ड, माता-पिता की जानकारी, स्कूल सहित अन्य जानकारी सामने होगी। बतादें कि प्रदेश के कई जिलों में परीक्षा के दौरान फर्जी छात्रों के पेपर देने से जुड़ी घटनाएं सामने आती हैं। उन्हें रोकने के लिए बोर्ड ने इस बार हाईटेक तरीका अपनाया है। बता दें कि परीक्षा के लिए स्टूडेंट ऑनलाइन एडमिट कार्ड डाउनलोड करते हैं। उन एडमिट पर कईबार परीक्षार्थी किसी दूसरे व्यक्ति की कलर फोटो लगाकर परीक्षा देने आते हैं। ऐसे में कई बार फर्जी परीक्षार्थी को पकड़ नहीं पाते हैं। ऐसे परीक्षार्थियों को रोकने के लिए एमपी बोर्ड ने यह कदम उठाया है।

### देंगे 32 पेज की उत्तर-पुस्तिका

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षाके लिए परीक्षार्थियों को 32 पेज की उत्तर-पुस्तिका दी जाएगी। परीक्षार्थियों को इसी में पूरा पेपर सॉल्व करना होगा। उन्हें सप्लीमेंट्रीकॉपी नहीं दी जाएगी। बोर्ड परीक्षाएं फरवरी के पहले सप्ताह में शुरु हो जाएंगी। छात्रों को उत्तर-पुस्तिकाओं में ओएमआर शीट को कालेया नीले रंग के बाल पेन से तय जगह पर रोल नंबर और अन्य जानकारी पर गोला लगाना होगा। कॉपी में रोल नंबर छिपाने के लिएकिसी भी तरह के स्टीकर का उपयोग नहीं किया जा सकेगा।

### केंद्रों पर रखना होगी लोहे की पेटी

मंडल ने परीक्षा केंद्रों पर लोहे की पेटी रखने के लिए भी निर्देश दिएहैं। इसके तहत अगर किसी परीक्षार्थी के पास नकल सामग्री है, जिसमें गाइड, चिट आदि शामिल हैं तो उसमें डाल सकेंगे। इस पेटीपर यह भी स्पष्ट है कि यह पेटी स्वेच्छा से नकल सामग्री परीक्षाकक्ष में प्रवेश लेने के पहले जमा करने के उद्देश्य से रखी गई है।बता दें कि यदि परीक्षा कक्षा के भीतर किसी छात्र के पास कोईसामाग्री मिलती है तो उस पर नकल का मामला दर्ज नहीं होगा।

### अन्य स्कूल के परीक्षार्थियों को बैठाएंगे

इस बार बोर्ड परीक्षा में केंद्राध्यक्षों को यह तय करना होगा कि उनके स्कूल मेंपरीक्षार्थियों के साथ मिश्रितकर ही बैठाया जाए। संबंधितस्‌कूल में कार्यरत कोई भीशिक्षक पर्यवेक्षक की ड्यूटी नहीं कर सकेगा। इसी के साथ स्कूलों के शिक्षक भी पर्यवेक्षक की ड्यूटी नहीं करेंगे। जहां के विद्यार्थी संबंधित स्कूल में परीक्षा देंगे। बैठक व्यवस्था 20/40/60के मान से की जाएगी। छात्रोंके आजू-बाजू एक जैसे सेटके पेपर नहीं बांटे जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### संदर्भित काव्य गोष्ठी का भोपाल में आयोजन

**भैरूंदा।** विगत दिन राजधानी की चर्चित संस्था प्रभात साहित्य परिषद भोपाल द्वारा (दर्पण शब्द) संदर्भित काव्य गोष्ठी का आयोजन हिंदी भवन भोपालसंस्थापक रमेश ₹नंदर₹ अध्यक्ष रामकिशोर रवि₹ सचिव डॉ अनिल शर्मा ₹मयंकर₹ उपाध्यक्ष हीरालाल ₹पारस₹ एवं डॉक्टर अनिल शर्मा ₹मयंकर₹के संचालन में संपन्न हुआ। जिसमें प्रदेश के तीन दर्जन से अधिक कवि गीतकार साहित्यकार एवं गजलकरो ने अपनी रचनाओं का पाठ किया नगर भैरूंदा (नसरुल्लागंज) का प्रतिनिधित्व करते हुए कवि एवं गीतकार आनंद पगारे ₹अनभिज्ञ₹ ने बेहतरीन ( दर्पण ) संदर्भित राम प्रभाती एवं श्रृंगार रस गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया जिसकी सभी रचनाकारों ने बहुत ही प्रशंसा की कवि आनंद पगारे ₹अनभिज्ञ₹ एक छोटे से गांव अतरालिया से आते हुए अपनी एक अलग पहचान बना रहे हैं उन्होंने कविता कहीं पूर्ण समर्पण भाव लिए मैं लाया हूं अक्षत की थाली एवं दर्पण सी दामिनी सी, दमकीली है चितवन। मन मोर का चित चोर ले, जुल्फें तेरी उपवन। समाज जनों उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रापं माणा में शिविर का किया आयोजन

# गांव आत्मनिर्भर होगा तो देश विकसित और आत्मनिर्भर बनेगा: विक्रांत पांडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



गांव आत्मनिर्भर होगा, तो देश विकसित और आत्मनिर्भर बनेगा। हम संकल्प लें कि देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने में पूरा-पूरा सहयोग करें। यह बात विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला नोडल अधिकारी संयुक्त सचिव विक्रांत पांडे ने रविवार को ग्राम माणा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर को संबोधित करते हुए ग्रामीणों से कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा गांव को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ही विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई है। यात्रा के दौरान समाज के जरूरतमंद व्यक्ति को शासन की योजना का लाभ प्रदान कर उनके जीवन को बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है, जो कोई भी व्यक्ति शासन की योजना के लाभ से वंचित है, वे आवेदन भर कर लाभ जरूर लें।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत केंद्र शासन की जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान हितैषी योजनाओं एवं अन्य जनकल्याण के लिए संचालित योजनाओं का लाभ देने के लिए विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध तरीके से लाभ प्रदान करने के लिए आवेदन प्राप्त करते हुए पंजीयन किया गया।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की योजना का सभी पंचायत में पात्र व्यक्ति को लाभ मिला है एवं जो भी योजना के लाभ से वंचित रहा है वह भी अपना आवेदन देकर योजना का लाभ ले सकता है। कलेक्टर ने कहा कि कृषकों की राजस्व संबंधी समस्याओं एवं लंबित प्रकरणों का निराकरण हेतु राजस्व महा अभियान जिले में 16 जनवरी से संचालित हो रहा है, कृषक अपने राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण अभियान के दौरान जरूर करवाए। उन्होंने कहा किग्रामीणजन भी अपनी समस्याओं का निराकरण सीएम हेल्पलाइन एवं मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आवेदन देकर करवा सकते हैं।

#### स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत जिले की 236 पंचायत में योजनाओं का पात्र व्यक्ति तक लाभ देने के लिए शिविर आयोजित किए गए। जिसका आज समापन हुआ है, इसमें विभिन्न योजनाओं में अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया है। शिविर में मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से धापूबाई ने उज्जवला योजना का लाभ मिलने, गोवर्धन लाल ने आयुष्मान भारत योजना में बने आयुष्मान कार्ड से निशुल्क उपचार होने, शुभम पाटीदार द्वारा किसान सम्मान निधि की राशि से जीवन में आए बदलाव एवं उन्नति के बारे में अवगत कराया। शिविर स्थल पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। शिविर के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें ग्रामीणजनों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया। इस अवसर पर सरपंच ईश्वर सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी का आभार सीईओ जनपद सुसनेर राजेश शाक्य ने माना।

# ट्राइडेंट में धूमधाम से मनाया गया रामलला का जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

स्थानीय ट्राईडेंट प्रांगण में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम से मनाया गया। उल्लेखनीय है कि इस मौके पर ट्राईडेंट लिमिटेड के अध्यक्ष पद्मश्री राजेंद्र गुप्ता और मधु गुप्ता के मार्गदर्शन में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विशाल कलश यात्रा और रामचरित्र मानस पाठ का आयोजन भी किया। वही रंगोली प्रतियोगिता के अलावा नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा रामायण के पात्रों के रूप में रामायण का आकर्षक मंचन किया गया। इस अवसर पर मधुबन हॉस्टल के अलावा कंपनी प्रबंधन के अनेक अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



# 15 खिलाड़ियों को मिला गोल्ड पदक




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के इंदौर नाके स्थित मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कोच लखन ठाकुर, श्रीमती विमला ठाकुर और मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य ने आठ वर्षीय बालक उजेर खान सहित प्रतियोगिता में गोल्ड पदक हासिल करने वाले 15 खिलाडियों का सम्मान किया।

इस प्रतियोगिता में जिलभर से आए करीब 150 से अधिक कराटे खिलाडियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के कोच श्री ठाकुर ने बताया कि एसोसिएशन के द्वारा लगातार तीस सालों से कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। अब तक नेशनल, स्टेट, जिला और ब्लाक स्तर पर 30 से अधिक प्रतियोगित कराई गई है। देर शाम को हुई कराटे प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग में 16 खिलाडिय़ों ने गोल्ड, 16 खिलाडिय़ों ने सिल्वर के अलावा 20 खिलाडिय़ें ने कांस्य पदक हासिल किया। सबसे लोकप्रिय मुकाबला कक्षा तीसरी में अध्ययन करने वाले आठ वर्षीय उजेर खान के द्वारा किया गया। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को पलक झपकते हराया। यह बालक दो बार नेपाल में होने वाली इंटर नेशनल कराटे प्रतियोगिता में शामिल हो चुका है। कोच श्री ठाकुर ने विजेता खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए सम्मानित किया बालक उजेर ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल स्टाफ सदस्यों, प्रशिक्षक व अपने माता-पिता को देते हुए कहा कि उन्होंने जो मुकाम प्राप्त किया है यह सब उनके उचित मार्गदर्शन का परिणाम है। गोल्ड हासिल करने वालों में बालक वर्ग में आर्यन मेवाड़ा, यश गोस्वामी, विजय कौशल, वंश कलोशिया, अरबाज खान, श्रेष्ठ सिंह, अभिषेक सोनी, आयुष मालवीय, वेदांत जाट शामिल थे। वहीं बालिका वर्ग में गोल्ड पदक हासिल करने वालों में पायल बागवान, आर्यशिन, भूमि शर्मा, राशि अग्रवाल, नीतू लोधी और साधना परमार शामिल थी।

### पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने 5 क्विंटल खिचड़ी का कराया वितरण



**सीहोर।** सोमवार को शहर के प्राचीन मनकामेश्वर महादेव मंदिर में पूर्व नगर पालिका राकेश राय के नेतृत्व में यहां पर आने वाले पांच क्विंटल से अधिक खिचड़ी का वितरण किया गया। इससे पहले श्री राय ने भगवान की पूजा अर्चना की और अयोध्या में भगवान श्रीराम लला के विराजमान होने पर परिसर में आतिशबाजी भी की। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासी मौजूद थे।

# छावनी में निकली प्रभात फेरी, 4 लाख 50 हजार रामनाम जप हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में छावनी सहित पूरे जिले में आस्था और उत्साह का वातावरण है। छावनी में श्रीराम राज्य स्थापना महोत्सव को लेकर शहर आस्था और उत्साह का संचार है। रविवार को छावनी उत्सव समिति के तत्वाधान में शहर के श्री सिद्ध हनुमान मंदिर से भव्य प्रभात फेरी निकाली गई थी, इसमें शामिल श्रद्धालुओं ने करीब साढ़े चार लाख से अधिक बार भगवान श्रीराम के नाम का जाप किया। प्रभात फेरी का घर-घर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। फेरी का समापन शहर के छावनी स्थित प्राचीन जगदीश मंदिर पर किया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम भव्य श्रीराम राज्य रथ यात्रा शहर के प्रसिद्ध श्री सिद्ध हनुमान मंदिर से बैंड-बाजे के साथ निकाली गई। इसके लिए सम्पूर्ण छावनी क्षेत्र की महिलाओं को एक साथ उत्सवों में सम्मिलित रहने की प्रेरणा देते हुए सीता वाहिनी छावनी सीहोर का गठन किया गया है।

जिसमें छावनी की सभी समाज की महिलाएं सम्मिलित की गई हैं। श्रीराम राज्य स्थापना महोत्सव के दौरान छावनी राममय हो गई है। हर घर द्वार आंगन सजाया जायेगा। हर घर में विद्युत सज्जा, लिपाई-पुताई, दीप मालाओं की सजावट के साथ ही हर दिन रांगोली और मांडने बनाए गए है। तीन दिन तक उत्साह मनाया जाएगा। हर चौराहे पर रामनाम जाप की माला जपते हुए प्रभात फेरी निकली । करीब 21 माला पूरी की गई । संख्या के हिसाब से साढ़े 4 लाख जाप सुबह राम नाम का सामुहिक रूप से किया गया ।

# रिक्की रायल ने केकेआर को 21 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के बीएसआई मैदान पर खेली जा रही राज्य स्तरीय अल्फा-प्रोट्रिन टी-20 क्रिकेट ट्राफी में रविवार को दो मैच खेले गए थे। इसमें रिक्की रायल ने केकेआर को 21 रन से हराया। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला पीपीसीए और टीम जूनियर के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में टीम जूनियर ने पांच विकेट से जीत हासिल की। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी रिक्की रायल की टीम ने निर्धारित 18 ओवर में नौ विकेट खोकर 123 रन की चुनौती दी। इसमें रवि ने 23 गेंद पर 19 रन, गोलू राठौर ने 20 में 25 रन और उर्श भाटी ने 24 गेंद पर 22 रन की पारी खेली थी। इधर केकेआर की ओर से गेंदबाजी करते हुए मजूर ने चार ओवर में 34 रन देकर चार विकेट, राकेश पवार ने चार ओवर में 18 रन देकर दो विकेट, ह्देश, राजीवन और राहुल एक-एक विकेट हासिल किए।

रनों का पीछा करने उतरी केकेआर की टीम 102 रन पर सिमट गई। इसें ह्देश ने 11 रन, राकेश पवार ने 27 रन, राजीवन ने 24 रन और राहुल ने 10 रन बनाए थे। इसके अलावा रिक्की रायल की ओर से गेंदबाजी करते हुए गोलू ने चार ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट, अजय, रुपेश और देवेन्द्र ने एक-एक विकेट हासिल किए। एक अन्य मैच में पीपीसीए ने 15.1 ओवर में दस विकेट पर 69 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम जूनियर ने 14.5 ओवर में पांच विकेट से जीत हासिल की। इसमें संयोग ने 34 रन और मयंक ने 19 रन की पारी खेली।

# पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मंगलवार को पीएम-श्री केन्द्रीय विद्यालय सीहोर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'परीक्षा पर चर्चा के परिपेक्ष में सीहोर व उसके आस-पास के 14 विद्यालयों ने पेंटिंग प्रतियोगिता को आयोजन किया। पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए खेलों में भारत की सफलता-विकसित भारत, चंद्रयान विषय पर पेंटिंग की गई। लगभग 100 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर उपर्युक्त विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के श्रेष्ठ 5 प्रतिभागियों को कार्यस्थल के निर्देशक जीवन वमी द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। शेष प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाण पत्र प्रेषित किया गया। प्रतियोगिता के निर्णयक अजय शुक्ल, एनके भोगल थे। प्रतियोगिता में अनेक प्रतियोगियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय की शिक्षिका स्मिता भारती ने कला, शिक्षक होसला राव ने प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में अपना सहयोग दिया। आयोजित हुई प्रतियोगिता में क्षितिज शंकवार द्वितीय, हर्ती रागैर तृतीय, निष्ठा सिसोदिया चतुर्थ, वंशिका शर्मा, पाँचवा रोनक कचनेरिया ने स्थान प्राप्त किया।

# कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं की लोकसभा प्रभारी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जिला कांग्रेस पार्टी कार्यालय में कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पूर्व मंत्री भोपाल लोकसभा प्रभारी प्रियवृत सिंह खिची के मुख्य अतिथ्य में बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के सेक्टर प्रभारी, ब्लाक अध्यक्ष, कांग्रेस पार्षदगण, पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए प्रियवृत सिंह खिची ने कहा कि आज देश की अर्थव्यवस्था डगमगाई हुई है, महंगाई, बैरोजगारी चरम सीमा पर है और भाजपा के द्वारा मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाते हुए भ्रमित कर रही है और देश के आम नागरिकों द्वारा एकत्रित की हुई राशि से एवं माननीय न्यायालय द्वारा दिये गये फैसले के आधार पर देश के सभी धर्मावलम्बियों की आस्था का प्रतीक भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसका कांग्रेस ने स्वागत किया, किन्तु कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने इस उद्घाटन के राजनीतिकरण का विरोध किया है।

कांग्रेस पार्टी यदि राममंदिर निर्माण का विरोध करती तो स्व.प्रधानमंत्री ताले नही खुलवाते। उन्होने आगे बताया कि मंदिर वहाँ बन रहा है, जहाँ पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्भाराव जी ने जो जगह मंदिर के लिये एलोर्ट की थी, कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं को धार्मिक आयोजन में जाने के लिये बाद्धय नही किया है, जो चाहे उक्त धार्मिक आयोजन में जा सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ.बलवीर तोमर ने सर्वप्रथम अतिथि प्रवृत्तसिंह का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि सीहोर जिले के समस्त कार्यकर्ता एकजुट और लोकसभा चुनाव के लिये तैयार हैं और जो भी दिशा निर्देश पार्टी देगी उसका हम सब पालन करेगें।

इस मौके पर ब्लाक अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं पार्षदों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नईम नवाब, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजाराम बड़े भाई, रघुवीर सिंह दांगी, राजीव गुजराती, हरपाल सिंह ठाकुर, श्रीमती गुलाब बाई ठाकुर, डॉ.अनीस खान, जयंत शाह, गणेश तिवारी, राजेश भूरा यादव, पवन राठौर, जयंत शाह, ओमप्रकाश राठौर बाबा, पार्षद विवेक राठौर, घनश्याम यादव, आशीष गेहलोत, इरफान लाला, मजीद अंसारी, हसीन कुरेशी, तारा यादव, सुरेश साबू, मुनव्वर मामू, रामायण शुक्ला, निशांत वर्मा, के.के.रिछारिया, भगत सिंह तोमर, राजकुमार तुलसी राठौर, असरफ अली, विनोद राठौर, रामगोपाल मुकाती, रेहान नवाब, धीरेन्द्र ठाकुर, पंकज शर्मा, रामनारायण शर्मा, देवी सिंह तँवर, सुरेश ठाकुर निवाडिय़ा, देवेन्द्र चौधरी, आसिफ अंसारी, असरफ अली, विनीत गोयल, दीप अग्रवाल, सूर्यप्रताप सिंह तोमर, जोधाराम गुर्जर, कमल सूर्यवंशी, माखन सिंह सोलंकी, कमलेश चाण्डक, रामप्रसाद, सत्यनारायण गुर्जर, राहुल गौर, इन्दर सिंह नेताजी, जगराज सिंह ठाकुर, रईस खाँ, सुरेश कुशवाह, लक्ष्मण सिराड़ी, राजेन्द्र सिंह दरबार, रामस्वरूप अहिरवार, अशोक महेश्वरी, राम कौशल, विवेक टांक, हरिओम सिसोदिया, अरूण राय, राजेश रायकवाल, दीपक खजुरिया बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। हुए कार्यक्रम का संचालन गणेश तिवारी ने किया एवं आभार व्यक्त राजाराम बड़े भाई ने किया।

### रामायण केंद्र इकाई ने राम मंदिर के पुजारियों का किया सम्मान

# 'प्रभु श्रीराम देश के आराध्य हैं लेकिन राष्ट्र उसकी आराधना'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राम देश के आराध्य हैं लेकिन देश या राष्ट्र उसकी आराधना है। शालाओं में केवल शिक्षा दी जाती है लेकिन सेंट मेरी रेसिडेंशियल हायर सेकेंडरी स्कूल में संस्कार भी दिए जा रहे हैं। उक्त उद्गार रामायण केंद्र सीहोर इकाई द्वारा आयोजित राम मंदिर के पुजारियों के सम्मान समारोह में राठौर समाज गंज राम मंदिर के पुरोहित पंडित वासुदेव शर्मा ने व्यक किए। इस अवसर पर कार्यक्रम को आचार्य पंडित अनिल शास्त्री जी द्वारा भी संबोधित किया गया। कार्यक्रम में राम मंदिर मंडी के पुजारी और कथावाचक बाबूदास वैरागी सहित सीताराम आश्रय गोतीर्थ के बटुक पुजारियों सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के पुजारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राम भक्ति भजन का गायन हरिओम शर्मा दाऊ ने किया और साहित्यकार आकाश माथुर एवम बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रदीप चौहान ने संबोधित किया। पुजारियों का सम्मान रामायण केंद्र के संतोष जैन संतु, आनंद भैया गांधी, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष आशीष गुप्ता, राजेंद्र नागर , जितेंद्र राठौर ने किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक शैलेश तिवारी और आभार प्रदर्शन जयंत शाह ने किया। मौके पर सेंट मेरी स्कूल के संचालक मनीष तिवारी ने पुजारियों और रामायण केंद्र के सदस्यों का स्वागत किया। छात्रों के बीच इस तरह के कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने का आग्रह प्राचार्य बाबू एंटोनी द्वारा किया गया। राष्ट्र भक्ति और राम भक्ति के गीतों को छात्रों द्वारा भी गाया गया।

## ग्राम भैंसायागढ़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में शामिल हुए राज्यपाल

# कोई भी पात्र व्यक्ति केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे : पटेल






हरिभूमि न्यूज ⏭ कालापीपल

कोई भी पात्र जरूरतमंद व्यक्ति केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। यह बात प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मंगलवार को शाजापुर जिले की कालापीपल तहसील के ग्राम भैसायागढ़ा में संपन्न हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर कालापीपल विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी, शाजापुर विधायक अरूण भीमावद, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, जनपद पंचायत कालापीपल अध्यक्ष सरिता भोजराज पंवार, भैंसायागढ़ा सरपंच लखनसिंह बाघेला, रामड़ी सरपंच सुनील अहिरवार, कलेक्टर ऋजु बाफना, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत, जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजना से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे, इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा में शासन के अधिकारी आपके आंगन में आकर शासन की योजनाओं से लाभांवित कर रहे हैं। ऐसा पहली बार हो रहा है कि सरकार स्वयं जरूरतमंद के पास आई है वरना व्यक्तियों को सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाना पड़ता था। सरकार की मंशा है कि कोई भी व्यक्ति गरीब न रहे, उसे शासन की योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए ही विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई है। केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं बनाकर लोगों को लाभांवित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लाभांवित हितग्राही स्वयं आगे आकर बता रहे हैं कि पहले उनकी स्थिति क्या थी और योजना से लाभांवित होने के बाद आज क्या स्थिति है। इसी तरह आयुष्मान भारत निरामयम योजना भी आमजन के लिए बड़ी हितकारी है। पहले गरीब व्यक्ति यदि बीमार होता था तो उसे उपचार के लिए बड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ता था अब इस योजना से गरीबों को उपचार की सुविधा मिल गई है, देश के प्रधानमंत्री ने दीर्घ दृष्टि से गरीबो के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई हैं।योजनाओं से लाभांवित होकर देश की जनता प्रधानमंत्री को दुआएं दे रही हैं।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में हमारा भारत कैसा होगा और भारत को विश्वगुरू कैसे बनाएं, इन सबका प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने लकड़ी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण हमारे लिए महत्वपूर्ण है। भैंसायागढ़ा के ग्रामीणजनों ने अपनी मेहनत से विकसित किये गये वन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वन हमारे लिए अत्यंत उपयोगी है, उन्होंने सभी लोगों से कहा कि अपने घरों के सामने नीम का पेड़ अवश्य लगाएं। इस मौके पर उन्होंने नीम के पेड़ के महत्व पर भी प्रकाश डाला, साथ ही राज्यपाल द्वारा उपस्थित सभी जनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक चन्द्रवंशी ने भी संबोधित करते हुए ग्राम में ग्रामीणों द्वारा लगाए गए वन की जानकारी दी, साथ ही उन्होंने विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम पर प्रकाश भी डाला।

### विधायक चंद्रवंशी ने किया राज्यपाल का स्वागत



इसके पूर्व राज्यपाल का विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंटकर अगवानी की। इसके बाद राज्यपाल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एसडी स्कॉलर ऐकेडमी के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, साथ ही सहारा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर आधारित सांस्कृति कार्यक्रम रामकथा की जीवन प्रस्तुती दी गई।

**कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी के संदेश का हुआ सीधा प्रसारण :** कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का प्रसारण किया गया। इसके बाद सरकार की योजनाओं से लाभांवित प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही दिनेश पिता रामकिशन मालवीय, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के माध्यम से स्वसहायता समूह की सागर पिता रामप्रसाद सौराष्ट्रीय, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राही भगवानसिंह पिता हरिबक्श, आयुष्मान भारत निरामयम योजना के हितग्राही जगदीश पिता घासीराम तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की हितग्राही रामदुलारी बाई पति नर्मदा अहिरवार ने मेरी कहानी-मेरी जुबानी सुनाई।

### राज्यपाल ने हितग्राहियों को किए प्रमाण पत्र प्रदान

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की हितग्राही रानीबाई पति पवन अहिरवार, लाड़ली लक्ष्मी योजना की हितग्राही अर्चना पिता घासीराम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से विद्युत पंप प्राप्त करने वाले हितग्राही मनोहर सिंह गेंदालाल, प्रधानमंत्री आवास योजना से आवास प्राप्त करने वाली मानुबाई पति मदनलाल तथा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्रामीण शौचालय प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने वाले हितग्राही सुरेश पिता रामकिशन मेवाड़ा को राज्यपाल पटेल के द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान राज्यपाल पटेल को स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। कार्यक्रम के समापन पर जनपद पंचायत सीईओ राजकुमार मंडल द्वारा उपस्थित अतिथियों एवं आमजन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन हेमंत दुबे ने किया कार्यक्रम के प्रारंभ एवं समापन पर राष्ट्रगान जनगणमन भी गाया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीएस बघेल, अनुविभागीय अधिकारी सत्येन्द्र प्रसाद सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे। साथ ही कृषि विभाग की ओर से विज्ञान नर्सरी सहित अन्य विभागों द्वारा योजनाओं के प्रदर्शन के लिए स्टॉल भी लगाए गए थे।

## एलईडी पर दिखाया राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण

### राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार सहित कई लोगों ने देखा कार्यक्रम



**ब्यावरा।** अयोध्या में भविष्य श्रीराम मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को स्थानीय चिंता हरण हनुमान मंदिर पर एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण कर दिखाया गया। जिसमें मुख्य रूप से राज्यमंत्री नारायण सिंह पवार शामिल हुए।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी रईस खान ने बताया कि ब्यावरा नगर में श्रीराम मंदिर अयोध्या में स्वरूप की प्राणप्रतिष्ठा के अवसर पर नगर पालिका ब्यावरा द्वारा अयोध्या में श्रीराम के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एबी रोड स्थिति चिन्ताहरण हनुमान मंदिर एवं पीपल चौराहा स्थित काली माता मंदिर पर किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान नारायण सिंह पवार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा, डॉ अशोक अग्रवाल, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष दिलबर यादव, भाजपा महामंत्री अमित शर्मा, मुकेश सेन, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष प्रिंस छाबड़ा, अरविंद शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री टेटवाल ने राम नाम बैंक का किया शुभारंभ



**सारंगपुर।** कपिलेश्वर महादेव मंदिर तक सेतु निगम के माध्यम से एक बड़े पुल का निर्माण एवं कार्तिक सागर डैम की मरम्मत के साथ ही कपिलेश्वर तीर्थ धाम को कपिल कोरिडोर बनवाया जाएगा। उक्त बात सोमवार को कपिलेश्वर तीर्थ धाम पर श्री राम नाम बैंक का राम नाम लिख कर शुभारंभ किया। उनके साथ जनपद अध्यक्ष देवनारायण नगर पर्यावरण प्रेमी विष्णु प्रसाद जोशी राम नारायण टेटवाल जयहिंद दुबे नंदकिशोर सोनी सहित अनेक राम भक्त उपस्थित थे। राम नाम बैंक के शुभारंभ के बाद कपिलेश्वर तीर्थ विकास भजन मंडल की ओर से कूमेर सिंह सोलंकी सचिव कैलाश शर्मा ने स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री टेटवाल सहित समस्त अतिथियों का सम्मान किया ।विशेष अतिथि विष्णु प्रसाद जोशी सहित सभी पर्यावरण प्रेमी थे। कार्यकम का संचालन कैलाश शर्मा ने किया। आभार कुमैर सिंह सोलंकी ने माना। इस अवसर पूर्व मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद, मनोज जैन,राजेश बंसल,गिरवर भंडारी राजेश झंकार, लोकेश जाधव सहित मौजूद थे।

**प्रजापिता संस्था ने किया आयोजन**

## राम-दरबार की झांकी सजाकर श्रद्धालुओं ने निकाली शोभायात्रा

**राजगढ़।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के तहत प्रजापिता ब्रहाकुमारीज संस्था द्वारा सोमवार को राम, सीता, लक्ष्मण की मनमोहक झांकी सजाई गई। इस दौरान संस्था में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने श्रीराम के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए आदर्शों को जीवन में अंगीकार करते हुए रामराज्य की अवधारण को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

इसके उपरान्त राम-दरबार का रूप धरे कलाकारों के साथ शोभायात्रा का आयोजन किया गया जो षिव-वरदान भवन से आरंभ होकर खुजनेर रोड, खिलचीपुर नाका, अंजनीलाल मंदिर तक पहुंची। शोभायात्रा में सभी श्रृद्धालु महिला-पुरुष पीले वस्त्र धारण करके साथ चल रहे थे। यात्रा का मंदिर समिति पदाधिकारियों द्वारा भव्य



स्वागत किया गया एवं मंदिर में राम-दरबार की झांकी की आरती उतारी गई। इस अवसर पर समाजसेवी प्रताप सिंह सिसोदिया, आरसी शर्मा, अरविंद सक्सेना, षिवनारायण नामदेव, संस्था की जिला प्रमुख मधु दीदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

**छापीहेड़ा थाना क्षेत्र का मामला**

## पिंजरा लगाकर किया राष्ट्रीय पक्षी का शिकार, मामला दर्ज

**राजगढ़।** जिले के छापीहेड़ा थाना क्षेत्रान्तर्गत राष्ट्रीय पक्षी मोर के शिकार का मामला सामने आया है। एक नाबालिग किशोर पिंजरा लगाकर मोर का का शिकार कर रहा था जिसे सूचना के बाद पुलिस ने पकड़ लिया। आरोपी नाबालिग पर वन्यजीव अधिनियम के तहत एफआईआर पंजीबद्ध की गई है। जानकारी के अनुसार छापीहेड़ा क्षेत्र के कंडेली ग्राम के हनुमान मंदिर के समीप एक 12 वर्षीय नाबालिग पिंजरा लगाकर मोर के शिकार के मकसद से बैठा हुआ था। वहां से गुजर रहे कुछ युवकों ने जब यह देखा तो उन्होंने नाबालिग से पूछताछ करते हुए पुलिस को सूचना दी। नाबालिग किशोर के पास मोर का एक बच्चा मृत एवं एक मोर घायल अवस्था में मिला था। घायल अवस्था में मिले मोर के दूसरे बच्चे ने थाने पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने नाबालिग किशोर पर 9/51 वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

## औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषकों को दिया गया प्रशिक्षण

### आयुष विभाग ने किया प्रशिक्षण का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

आयुष विभाग द्वारा देवारण्य योजना के तहत कृषि विज्ञान केंद्र में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में उपस्थित कृषकजनों को औषधीय पौधों की खेती के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आरएन गर्ग ने औषधीय खेती की तकनीकी रूपरेखा पर प्रकाष डाला। कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. रूपेंद्र खांडवे ने औषधीय फसलों चंद्रसूर, चियासीड़, कलौंजी की खेती की विस्तृत जानकारी किसानों से साझा की। कृषि विभाग के उप-संचालक हरीश मालवीय ने राजगढ़ जिले में औषधी फसलों की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। वहीं उद्यानिकी अधिकारी के.एस. गुर्जर ने औषधीय फसलों से संबंधित हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी उपस्थितजनों को दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. ए.के. मिश्रा ने औषधी फसलों की विभिन्न उन्नत किस्मों एवं उनके उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. लालसिंह ने हल्दी एवं अदरक की खेती के बारे में जानकारी प्रदान की।

### प्रमाण-पत्रों का किया वितरण

प्रशिक्षण में उपस्थित कृषकों दरियाव सिंह तंवर, राधेष्याम दांगी ने अपने अनुभवों के बारे में बताया। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. अर्चना सक्सेना, डॉ. सपना वर्मा, डॉ. लालसिंह, बीएस. मीना ने कृषकजनों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। इस अवसर पर आयुष विभाग के जगदीश वर्मा, राजू वर्मा, हेमंत वर्मा, कालूराम सहित अन्य उपस्थित थे।

## विवेकानंद विचार मंच ने किया विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता डॉ. कुलदीप भल्ला का सम्मान

**सारंगपुर।** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर सोमवार को विवेकानंद विचार मंच द्वारा कार सेवा में जाने वाले नगर के विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता डॉ. कुलदीप भल्ला, महेश विजयवर्गीय , ,शिवनारायण लवंशी का उनके निवास पर जाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर गुरुचरण गोड़, मोहन पुष्पद ईशान, विष्णु पाटीदार, राजेंद्र पटवा, दिलीप परमार, कमल पुष्पद, सुशील व्यास, जुगल किशोर दुबे, दारासिंह, बद्रीलाल बामनिया, श्याम चैहान, सूरज सिंह मौर्य, बाबूलाल कोठार, लक्ष्मीनारायण राठौर कर्मचारी नेता धर्मेंद्र वर्मा व समाज सेवी सुरेश चौहान राधेश्याम मेवाडा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंच के संयोजक मोहन पुष्पद ने किया एवं आभार गुरुचरण गोड़ ने माना।

## श्री बड़ी हनुमान गढ़ी पर अप्रोच रोड का विधायक ने किया लोकार्पण

**नरसिंहगढ़।** सोमवार को नगर के प्रमुख श्री बड़ी हनुमान गढ़ी मंदिर पर बने अप्रोच रोड का विधायक ने लोकार्पण किया। इस दौरान मंदिर में आयोजित महाआरती में भी बड़ी संख्या में श्रृद्धालु सम्मिलित हुए। इस मौके पर मंदिर समिति सदस्यो ने विधायक को मंदिर विकास के आगामी कार्यो की जानकारी दी। विधायक मोहन शर्मा ने समिति सदस्यों को मंदिर विकास में हरसंभव मदद किए जाने की बात कही। इस दौरान अध्यक्ष श्याम तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

## चहुंओर राम नाम की गूंज, धर्ममय हुआ नगर, जगह-जगह प्रसादी बांटी

**नरसिंहगढ़।** लंबे अंतराल के बाद आखिरकार अयोध्या में भगवान श्रीरामलला का पदार्पण हुआ। श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पूरे क्षेत्र में उत्सव के रूप में मनाया गया। आम जनमानस में दीपावली से भी कही बढ़कर उत्साह देखा गया। गली, घर, मंदिर भगवा ध्वज पताकाओ से सुसज्जित नजर आए। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही मंदिर, चौक, चौराहों और घर-घर महाआरती जैसे धार्मिक आयोजन सम्पन्न किए गए। इस दौरान कई मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठाएं की गईं। लोगों ने मिठाई बांटकर, अतिशबाजी चलाकर महोत्सव मनाया।

### जगह-जगह आयोजित हुए कार्यक्रम

इस मौके पर चोपड़ा हनुमान मंदिर, श्री चिंताहरणेश्वर हनुमान मंदिर सूरजपोल, शिव धाम कॉलोनी में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की गई। रघुनाथजी मंदिर, धर्मशाला हनुमान मंदिर, बड़ी हनुमान गढ़ी मंदिर, बलवटपुरा गौप चौहान हनुमान मंदिर, श्रीराम मंदिर बड़ा महादेव सहित सभी मंदिरो में आयोजन सम्पन्न हुए। सर्राफा एसोसिएशन ने शिवजी चैक में रांगोली प्रतियोगिता आयोजित की। कपड़ा व्यापारी संघ ने छारबाग चैराहे पर महाआरती और किराना व्यापारी संघ ने छत्री चौराहे दो क्विंटल लड्डू प्रसादी वितरित की। पिछले एक सप्ताह से चल रहे आयोजनों का सोमवार को समापन किया गया।

### राष्ट्रीय बेटी दिवस मनाएगी बेटियों को जीने दो टीम

**विदिशा।** बुधवार को बेटियों को जीने दो टीम राष्ट्रीय बेटी दिवस मनाएगी। टीम के साथी मेडिकल कॉलेज, जिला सरकारी अस्पताल में बेटियों को कपड़े बांटेंगे। इस दौरान इस दिन व अन्य दिनों में जन्म लेने वाली नवजात बेटियों के साथ वहां मौजूद सभी नवजात बेटियों की पूजा अर्चना कर व उन्हें कपड़े भेंट किए जाएंगे। परिजनों को बेटियों की अच्छी परवरिश करने का संकल्प भी दिलाएंगे। टीम अब तक मप्र, उप्र, तमिलनाडू की बेटियों को 1100 से ज्यादा कपड़े बांट चुकी है।

**पीएचई विभाग की बड़ी लापरवाही आई सामने, ईई बोले जांच कराएंगे**

# झाड़ियों में पड़ी मिलीं शासकीय वाटर टेस्टिंग किट के ढेरों बॉटल्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

पीएचई विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। पीएचई की जल परीक्षण प्रयोगशाला में पानी जांचने के लिए शासन द्वारा भेजी जाने वाली अनेकों वाटर टेस्टिंग किटें खोयरी के निकट जंगल की झाड़ियों में पड़ी मिली हैं। इन किटों को यहां कौन फेंककर गया यह एक बड़ी जांच का विषय है क्योंकि इन सभी टेस्टिंग किट की एक्सपायरी डेट भी फिलहाल खत्म नहीं हुई है। ऐसे में इन शासकीय सामानों का इस तरह खुले जंगल में पड़े मिलना एक बड़ी जांच का विषय है।

### क्या है पूरा मामला

शासन द्वारा लघु उद्योग निगम के मार्फत पानी की शुद्धता, पानी में बैक्टीरिया(जीवाणु) आदि की उपस्थिति की जांच के लिए पोर्टेबल वाटर टेस्ट किट भेजी जाती है। यह किट एक छोटी बॉटल के रूप के रूप में रहती है जिससे यह जांचा जाता है कि जिस पानी को उपयोग किया जा रहा है वो पीने लायक है या नहीं। सोमवार को खोयरी महादेव मंदिर के सामने स्थित पार्वतीजी के मंदिर के पीछे जंगल की झाड़ियों में टेस्टिंग किट की अनेकों शीषियां पड़े होने की सूचना मीडियाकर्मियों को मिली। मौके पर जाकर देखने पर पता लगा कि इन टेस्टिंग किट की एक्सपायरी डेट भी अभी नहीं निकली है। इन किटों में नवंबर 2022 मेनीफ्रेक्चरिंग डेट लिखी हुई पाई गई जो आगामी नवंबर 2024 तक के लिए वैध है। इस तरह ये अभी एक्सपायर नहीं हुई हैं एवं इनका उपयोग पानी जांचने के लिए किया जा सकता है।

### करीब 400 से अधिक बॉटल्स पड़ी थी झाड़ियों में

ऐसा भी नहीं है कि टेस्टिंग किट के एक-दो बॉटल्स ही मौके पर नजर आई हों। करीब 400 से अधिक बॉटल्स झाड़ियों में पड़ी मिली हैं। इस तरह से यह एक बहुत बड़ी लापरवाही है जिसकी जांच और कार्रवाई की जाना अत्यंत आवष्यक है अन्यथा जिम्मेदार कर्मचारी आगे भी इन लापरवाहियों को दोहराते रहेंगे।



### जांच करवाएंगे

हो सकता है टेस्टिंग किटें ग्रामीणों को पानी जांचने के लिए दी गई हों और वे फेंक गए हों। यह भी संभव है कि हमारे स्टोर से किसी ने इन्हें चुरा लिया हो। हम इन्हें रिकवर करवा लेते हैं। जांच करवाएंगे कि आखिर ये वहां तक कैसे पहुंची।

**- श्री दवे,** कार्यपालन यंत्री, पीएचई, राजगढ़

## खबर संक्षेप

### इंदौर की ब्रह्मचारिणी बहने आज आष्टा में

**आष्टा।** आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महामुनिराज की प्रेरणा से संचालित लाडली कन्याओं के लिए अध्ययन एवं संस्कारो के लिए मध्यप्रदेश के इंदौर में संचालित प्रतिभा स्थली संस्थान की ब्रम्हचारिणी बहने अपने दल के साथ आजदिनांक 12 जनवरी 2024 दिन शुक्रवार सायंकाल 6:30 बजे किला मन्दिर में पधार रही हैदिगम्बर जैन पंचायत समिति के प्रवक्ता शरद जैन पोरवाल ने हमे बताया कि आज की चकाचौंध भरी दुनिया में आपके जीवन के अनमोल हीरे बच्चों को सुरक्षित एवं संस्कारित जीवन की ओर अग्रसर करने के लिए आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणास्त्रोत प्रतिभास्थली इंदौर.से शिक्षिका बहने ब्रम्हचारिणी दीदी अपने दल के साथ पधार रही है विशेष व्याख्यान आज सांयकाल 6:30 बजे दिगम्बर जैन दिव्योदय तीर्थ किला मन्दिर पर होगा। अनमोल क्षणों से लाभान्वित होने व प्रतिभास्थली के उद्देश्य को जानने के लिए दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल, कैलाश जैन चित्रलोक ने उपस्थित होकर संस्कारों के नाद लाभ लेने की अपील समाज जनों से की है।

### 117वां स्वर्गारोहण दिवस मनाया गया

**आष्टा।** श्री सिमंधर जिनदत्त धाम दादावाड़ी में दादगुरुदेव का 197 वाँ जन्मदिन एवं 117 वाँ स्वर्गारोहण दिवस गुरु सप्तमी पर्व मनाया गया । प्रातः दादाबाड़ी में दादा गुरुदेव की आरती व अन्य धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। दादाबाड़ी में आयोजित गुरु सप्तमी के कार्यक्रम में आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा,हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट,महासंघ के अध्यक्ष रूपेश राठौर, पार्षद रवि शर्मा एवं पार्षद प्रतिनिधि,विशाल चौरसिया, का दादाबाड़ी समिति के अध्यक्ष नगीन सिंगी, राजा पारख, भविष्य सुराणा,मनोज सुराणा आदि उपस्थित थे।

## काछीपुरा के राधा कृष्ण मंदिर में सुंदरकांड पर जमकर झूमे श्रद्धालु

# दिखा दिवाली सा नजारा, देर रात तक हुई आतिशबाजी, भजनों पर जमकर झूमे लोग





### विश्वकर्मा मानस मंडल ने देर रात्रि तक किया सुंदर कांड, दी सुंदर भजनों की प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सोमवार का दिन सदियों याद किया जाएगा. क्योंकि, प्रभु श्री राम अयोध्या में विराजमान हुए हैं और ऐसे में दीपोत्सव मनाया जा रहा है। ऐसे में पुरा नगर जगमग जगमग कर है. रात के समय इस नगर का भव्य नजारा लोगों को देखने को मिल रहा है. आकाश में आतिशबाजी हो रही है. बच्चा- बुजुर्ग हर कोई भी दीपोत्सव का आनंद उठा रहा है. साल 2024 की पहली दीपावली 22 जनवरी को मनाई गई है. यह एक ऐसा दिन है जिसे कोई कभी भूल ही नहीं सकता है. वर्षों इंतजार के बाद प्रभु श्री रामलला अयोध्या में दोबारा विराजमान हुए हैं. उनके आगमन की खुशी में पूरा देश दीपोत्सव मना रहा है. लिहाजा यूपी के अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का असर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से 100 किलोमीटर दूर आष्टा में भी देखने को मिला. सोमवार सुबह से लेकर देर रात तक आष्टा में दिवाली जैसा माहौल रहा. शाम ढलते ही लोगों ने जमकर आतिशबाजी की. शहर के हर इलाके में लोगों ने परंपरागत मिट्टी के दीये जलाए. पुरा शहर भगवा रंग में रंगा हुआ नजर आया।

शहर और ग्रामीण इलाकों में जहां दिन के समय मंदिरों में पूजा अर्चना और भंडारे व शोभायात्रा का दौर चला तो शाम ढलते ही पुरा नगर दीये से जगमग हो उठा. दो पहिया और चार पहिया वाहनों पर युवक चौक-चौराहों पर जयकारे लगाते नजर आए। काछीपुरा के राधा कृष्ण मंदिर में सुंदरकांड पर जमकर झूमे श्रद्धालु,दिखा दीपावली जैसा नजारा, जमकर हुई आतिशबाजी, जलाए दीए। वास्तव में सोमवार को आष्टा में अलग सा नजारा था। राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह के बाद शहर में सोमवार की शाम से लेकर देर रात तक पटाखे फूटते रहे. दुकानों के बाहर दिए और मोमबत्तियां जलती रहीं और घरों की बालकनियों से रोशनी निकलती रहीं। तो मंदिरों मे दिनभर आरती, भजन कीर्तन, धार्मिक अनुष्ठान हुए तो शाम को भी मंदिरो में धार्मिक आयोजन चलते रहे। शहर के काछीपुरा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन किया गया जो देर तक चलता रहा है इस दौरान सुंदरकाण्ड पर विश्वकर्मा मानस मंडल द्वारा सुन्दर सुन्दर भजनों की प्रस्तुति की गई! इस दौरान पूर्व ज़िला अध्यक्ष ललित नागौरी, संतोष झंवर ने अपनी सुरीली आवाज में सुन्दरकाण्ड पर ऐसा समा बांधा की श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो कर जमकर झूमने लगे और भजनों पर नृत्य का आनंद लेने लगे।

काछीपुरा में रहने वाले कैलाश कुशवाह, मनोज पटेल, माखन कुशवाहा, बलराम कुशवाहा ने कहा कि सुबह से हर ओर खुशी का माहौल है. हर किसी के चेहरे में खुशी साफ झलक रही है. ऐसा नजारा जिंदगी में पहली बार देखने को मिला है. सुबह से पूजा पाठ के बाद राम भजन व कीर्तन किया गया है. उसके बाद अब शाम के समय घरों को दीपों से सजाया गया और अब बच्चों के साथ रात में पटाखे जला रहे हैं. ऐसी खुशी जिससे कभी मन न भरे. ऐसा नजारा देखकर मन इतना खुश है कि उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता. वहीं रात को सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया !इस दौरान सुन्दर काण्ड में विश्वकर्मा मानस मंडल के भजन गायक मनीष विश्वकर्मा, विष्णु विश्वकर्मा ने अपनी सुरीली आवाज में सुन्दर सुन्दर भजनों की प्रस्तुति दी।

## ग्राम बमुलिया रायमल में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

### ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

अयोध्या में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में ग्राम बमुलिया रायमल में भी बड़े ही धूमधाम से उत्सव मनाया गया जिसमें श्री राम मंदिर को सजाया गया। भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा पर भव्य शोभायात्रा ढोल, नगाड़ों के साथ व आतिशबाजी के साथ ग्राम में निकाली गई। इस दौरान विशाल भंडारा किया गया। रात्रि को गांव के ही छोटे-छोटे भैया-बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। जिसमें गांव के सभी नर नारी कार्यक्रम देखकर भाव विभोर हो गए इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंच संचालन वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने किया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुए अनेक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या/मंदिर कुरावर में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्री रामचंद्र जी के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में 22 जनवरी 2024 को ग्राम कुरावर मे भैया बहनों के द्वारा कुलगुरु विश्वामित्र, रामजी, लक्ष्मण जी, भरत जी, शत्रुघ्न जी, माता सीता जी आदी बनाए गए। ढोल नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ नगर भ्रमण हुआ। ग्राम में अनेक स्थानों पर स्वागत, अल्पाहार, चाय, भोजन आदि की व्यवस्था की गई। प्रभु राम अपने धाम अयोध्या 500 वर्षों के बाद पधारे हैं, इस खुशी में गांव में अनेक जगहों पर रंगोली बनाई। कुरावर भगवामय, राममय हुआ, भिन्न-भिन्न प्रकार से प्रभु श्री रामचंद्र जी का स्वागत किया।

### मुनि भूतबलि सागर महाराज के आष्टा आने पर समाजजनों ने श्रीफल भेंट किया

**आष्टा।** मंगलवार 23 जनवरी को आष्टा दिगंबर जैन समाज ने शुजालपुर पहुंच कर परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य मुनि श्री भूतबलि सागर जी महाराज ससंघ को आष्टा पधारने हेतु श्रीफल भेंट किया। पूज्य गुरुदेव भूतबलि सागर महाराज ससंघ शुजालपुर में विराजमान है। दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल के नेतृत्व में सैकड़ों श्रावक -श्राविकाओं ने शुजालपुर पहुंच कर पूज्य मुनि श्री को आष्टा शुभागमन की भावना को लेकर श्रीफल भेंट किया।पूज्य मुनि श्री ने इस अवसर पर अपने आशीष वचन मांगलिक में बताया कि हर आत्मा में राम है, बस उसे पहचानने की जरूरत है।उसे प्रकट करने की जरूरत है।अपने इष्ट का ध्यान कर ब्रम्ह मूहर्त में उठ कर नित्य ही ध्यान करना चाहिए,सामायिक करना चाहिए। सभी को परमात्मा का स्मरण प्रति समय करते रहना चाहिये।भगवान राम ने मर्यादा में रह कर अपने पुरुषात्व को जीता था, पहचाना था। इसलिए वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाये ।हम भी उन्ही के आदर्शों पर चल कर अपने जीवन को धन्य करे। एकता के सूत्र में बंधे रहे एवं अपने अंतिम लक्ष्य को प्राप्त करें।



## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत नियम का पालन करने वाले को दिए फूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



देवास भोपाल फोर लेन सी एस आर प्रशासन मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के निर्देशन में यातायात पुलिस प्रशासन उप निरीक्षक शिवेंद्र मिश्रा एवं प्रभारी यातायात बी. एस. धाकड़ के साथ मिल कर सुरक्षित यात्रा के लिए देवास भोपाल फोर लेन सड़क से गुजरने पर बरती जाने वाली सावधानियों एवं यातायात नियमों का पालन करने के फायदों से अवगत करा रही है ।

डी बी सी पी एल प्रशासन सुरक्षित यात्रा एवं सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सड़क की अधिकतम गति सीमा को ध्यान में रख कर वाहन परिचालन करने एवं नियम पालन करने का निवेदन के साथ सड़क सुरक्षा सप्ताह में वाहन चालकों से नियम पालन प्रतिबद्धता की शपथ दिला रही है। देवास भोपाल फोर लेन सड़क प्रशासन फोर लेन द्वारा जगह जगह सड़क सुरक्षा शिक्षा नुक्कड़ सभा, नियम पालन करने वाले लोगों का सम्मान एवं सुरक्षा से सफर करने की अपील कर रही है। देवास भोपाल फोर लेन सी एस आर प्रशासन ने बताया कि देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन पुलिस प्रशासन के उप निरीक्षक शिवेंद्र मिश्रा ,प्रधान आरक्षक गिरीश राठौर ,आरक्षक गौतम मानकर के साथ मिल कर ग्रामीण वाहन चालकों को सुरक्षा के लिए हाइवे पर जानें पूर्व सावधानियों से अवगत कराने के साथ दुर्घटना संभावित बिन्दु से अवगत करा रही है। देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कई प्रकार से वाहन चालकों के मध्य सड़क सुरक्षा एवं जीवन महत्व को समझा रही है।

डीबीसीपीएल सी एस आर प्रशासन का उद्देश्य सभी की दुर्घटना से रक्षा एवं सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है ।ताकी वाहन चालक एवं आम जन नियम न पालन करने के दुष्परिणाम से अवगत हो ।साथ ही रात्रि मे दुर्घटना से सुरक्षा के लिए वाहनों के पीछे रेडियम स्टीकर चिपकाना, नियम पर्चे वितरीत कर नियम पालन करने वाले वाहन चालकों को फूल एवं ग्रीटिंग काड्र्स देकर सम्मानित कर रही है।

इसी के साथ ही हेलमेट, गतिसीमा, चौराहा पर सावधानी आदी नियमों को समझा रही है, ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इस मौके पर डीबीसीपी एल टोल प्रबंधक मनजीत यादव, श्याम वीर जी, मेंटेनेंस अधिकारी नीतिन गोयल, सी एस आर प्रबन्धक उमाशंकर पांडेय, उप निरीक्षक शिवेंद्र मिश्रा ,प्रधान आरक्षक, गिरीश राठौर आरक्षक , गौतम मानकर, एम्बुलेंस चालक सुशील जाधव, हिमांशु, धीरज मालवीय एवं कई सम्माननीय उपस्थित थे।

## पंकज यादव बने आष्टा नगर शमशान समिति के कार्यकारी अध्यक्ष


हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पूर्व पार्षद पंकज यादव को श्मशान समिति का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान पंकज यादव के शमशान समिति के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर ईष्ट मित्रों द्वारा फूल माला स्वागत सम्मान कर बधाई दी गईं। शमशान समिति के कार्यकारी अध्यक्ष पंकज यादव के स्वागत के दौरान पंकज नाकोड़ा, पंकज राठी ,आंनद जैन ,नीलेश खंडेलवाल, बसन्त पाठक, मनीष धारवा, सुशिल पांचाल, सुमित मेहता ,गोरी राठौर, पवन वर्मा, मनीष राठौर सहित कई लोग मोजूद रहें। गौरतलब हे की पंकज यादव भाजपा नेता के साथ पूर्व में हिन्दू उत्सव समिति सहित समाज के कई पदों पर रहकर सामाजिक कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते आये है।सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रियता को देखते हुए शहर की महत्वपूर्ण संस्था शमशान समिति का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। वैसे वर्तमान में शमशान समिति के अध्यक्ष अनोखीलाल खंडेलवाल है।

## अखिलेश बाबू राजपूत बने यूथ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष, मिली बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया के निर्देश अनुसार युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव की अनुशंसा पर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा युवा नेता अखिलेश बाबू राजपूत को युवक कांग्रेस के ग्रामीण ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान अखिलेष राजपूत को न्युक्ति पत्र पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की मौजूदगी में दिया गया। अखिलेश राजपूत के ब्लाक अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस जनों ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उजवाल भविष्य की कामना की। इस दौरान नई जिम्मेदारी मिलने पर अखिलेश राजपूत ने वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया और कहा की पार्टी द्वारा मिली नई जिम्मेदारी का इमानदारी से निर्वहन करुगा।

## 22 दिनों तक हुआ सुंदरकांड का पाठ अंतिम दिन कराया कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में ग्राम खाचरोद में खेड़ा स्थित राम मंदिर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद द्वारा 1 जनवरी से 22 जनवरी तक लगातार सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आसपास ग्रामीण क्षेत्र के कलाकारों द्वारा सुंदरकांड के पाठ में भाग लिया। सोमवार को मंदिर पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्राम वासियों द्वारा भगवान श्री राम की आरती कर प्रसादी वितरित की गई। इस मौके पर मांगीलाल पटेल, रामचंद्र योगी, घासीराम महेश्वरी, मांगीलाल महेश्वरी, बाबू सिंह ठाकुर, विजेंद्र सिंह ठाकुर, हेमंत ठाकुर, गोलू ठाकुर, ओम ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, बहादुर सिंह ठाकुर, पवन ठाकुर, विट्ठल विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

### श्री जगदीश्वर धाम महिला मंडल ने निकाली श्रीराम यात्रा

# महिला मंडल ने सुंदरकांड और रामभजनों की दी प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्रीजगदीश्वर धाम राधकृष्ण मंदिर पर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय महोत्सव बड़े उल्लास के साथ श्रीजगदीश्वर धाम महिला मंडल द्वारा मनाया गया। महिला मंडल ने सुंदरकांड पाठ, एकादशी भजन व रामभजनों की प्रस्तुति दी। मंदिर में आकर्षक रंगोली बनाई। प्रतिष्ठा वाले दिन दोपहर 12:20 बजे महा आरती कर भव्य महाप्रसादी का वितरण किया गया। निकाली श्रीरामयात्रा अयोध्या में राम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को श्रीजगदीश्वर धाम महिला मंडल की महिलाओं ने भगवान श्रीराम यात्रा निकाली गई। श्रीराधा कृष्ण मंदिर से निकाली गई यात्रा में महिलाओं ने बढ़चढकर भाग लिया। भगवा रंग में महिलाओं ने जय श्री राम के जयकारों के साथ पदयात्रा में रामधुन पर नृत्य किया। यात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत किया।

## छात्र शक्ति ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मनाई जन्मजयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




छात्रनेता मनीष प्रजापति के नेतृत्व में महाविद्यालय के छात्रो ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर नेता जी बोस को दी श्रद्धांजलि छात्रनेता मनीष प्रजापति ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहाँ 23 जनवरी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 128वी जयंती मनाई जा रही हैं नेता जी सुभाष चन्द्रबोस की जयंती को पूरा देश पराक्रम दिवस के रूप में मनाता हैं उनके विचार आज भी युवाओ को काफ़ी प्रेरित करते हैं उन्होंने आज़ादी की लड़ाई में बेहद अहम भूमिका निभाई थी उन्होंने आज़ादी लड़ते वक्त नारा दिया था तुम मुझे खून दो में तुम्हें आज़ादी दूँगा उन्होंने इस नारे के साथ आज़ादी की लड़ाई लड़ रहे सेनानियों में जोश और नई ऊर्जा भर दी थी नेताजी बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 में उड़ीसा में कटक में हुआ था नेता जी के विचार आजभी युवाओ को प्रेरित करने का काम करते हैं माल्यार्पण में मनीष प्रजापति रोहित तोमर प्रिंस कुशवहा निखिल मालवीय राहुल जाट अनमोल जैन पियूष जैन पंकज राव अभिजीत माया चौहान मंजु चौहान निकिता तंबोलिया मुस्कान लोधी संध्या मालवीय स्वाति बागवान दीपक गोर रोहित कुमार ध्रुव यादव सचिन आदि छात्र छात्रा मोजूद थे।